नेचर ईको क्लब

पर्यावरण संरक्षण संबंधी चेतना का विकास आज की महत्ती आवश्यकता है, इस उद्देश्य से नेचर ईको क्लब द्वारा सत्र 2022–23 में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिनांक 10.10.2022 को "Management of Hazardous Wastes at Individual Level" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु. जुही सिंधी, एम.एस.सी. रसायन शास्त्र रही तथा द्वितीय स्थान पर कु. अंजली सोनी, द्वितीय वर्ष, वाणिज्य रही। दिसम्बर मास में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पशु अधिकार दिवस 10.12.2022 पर जीव विज्ञान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में 15 छात्राओं ने भाग लिया। 'बेस्ट आउट ऑफ नेचुरल वेस्ट' शीर्षक प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।